दिनांक : 03.02.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- जापान यात्रा से लौटकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा-अनेक जापानी कंपनियों ने दिखाई मध्यप्रदेश में निवेश में रुचि।
- प्रदेश के मेधावी विद्यार्थियों को जल्द मिलेंगे लैपटॉप और स्कूटी।
- जल जीवन मिशन के तहत नल जल योजनाओं ने रतलाम के घर घर में बदला जीवन।
- भारत ने अंतिम टी-20 क्रिकेट मैच में इंग्लैंड को 150 रन से हरा कर श्रृंखला 4-1 से जीती।

मुख्यमंत्री जापान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आने वाले समय में आर्थिक क्षेत्र में मध्यप्रदेश की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। मुख्यमंत्री जापान यात्रा से स्वदेश आगमन पर भोपाल विमान तल में आयोजित कार्यक्रम' को संबोधित कर रहे थे।

डॉ. यादव ने हाल ही में संपन्न अपनी जापान यात्रा के संदर्भ में कहा कि अनेक महत्वपूर्ण और बड़ी जापानी कंपनियों ने मध्यप्रदेश में निवेश में रुचि दिखाई है। उन्हें निवेश प्रस्ताव भी प्राप्त हुए हैं, जो मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था को बदलने का कार्य करेंगे।

इससे पहले, भोपाल स्टेट हैंगर पर मुख्यमंत्री का मंत्री, विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने स्वागत किया।

मुख्यमंत्री योजनाएं

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विद्यार्थियों को राज्य सरकार द्वारा जल्द ही लैपटॉप की राशि वितरित की जाएगी। साथ ही उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों से स्कूल स्तर पर जो विद्यार्थी प्रावीण्य सूची में शामिल हुए हैं उनको स्कूटी भी प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं के स्वरूप में किसी तरह का परिवर्तन नहीं किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने सभी वर्गों के लिए निरंतर योजनाएं बनाने का काम किया है।

सूचना प्रसारण सचिव

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में सचिव संजय जाजू ने कल भोपाल में सूचना और प्रसारण मंत्रालय के विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक में विभिन्न दिशानिर्देश दिए। उन्होंने दूरदर्शन के कार्यक्रमों और प्रसार भारती के ओटीटी प्लेटफार्म वेव्स को लोकप्रिय बनाने के संबंध में चर्चा की। श्री जाजू ने इससे पहले भारत भवन में चल रहे भोपाल साहित्य एवं कला महोत्सव के एक सत्र में भी हिस्सा लिया। उन्होंने युवा पीढ़ी से रचनात्मक गतिविधियों में शामिल होने की अपील की।

महाकुंभ - अमृत स्नान

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में बसंत पंचमी के अवसर पर महाकुंभ का तीसरा अमृत स्नान जारी है। इस अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अर्धसैनिक बलों सहित 50 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने एक मजबूत सुरक्षा योजना लागू की है और महाकुंभ के मेला क्षेत्र को नो व्हीकल और नो वीआईपी जोन घोषित किया गया है। दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक समागम के रूप में पहचाने जाने वाले महाकुंभ मेले की शुरुआत 13 जनवरी को हुई और अब तक 35 करोड़ से अधिक श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके हैं।

हर कंठ में भारत

संस्कृति मंत्रालय आकाशवाणी के सहयोग से नई दिल्ली के आकाशवाणी भवन में विशेष शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम हर कंठ में भारत का आयोजन किया है। यह कार्यक्रम 16 फरवरी तक प्रतिदिन सवेरे साढ़े नौ से दस बजे तक आकाशवाणी के 21 केंद्रों से सीधा प्रसारित किया जाएगा। प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने कहा कि यह पहल लगभग 600 से अधिक कलाकारों को प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करेगी। आकाशवाणी की महानिदेशक प्रज्ञा पालीवाल गौड़ ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह संस्कृति मंत्रालय का एक अनूठा प्रयास है।

अच्छी खबर- रतलाम

केंद्र सरकार के जल जीवन मिशन के तहत रतलाम जिले में नल जल योजनाओं का सफल क्रियान्वयन हो रहा है।

रतलाम जिले में हजारों घरेलू नल कनेक्शन दिए जा चुके हैं जिससे गांव की तस्वीर बदल रही है। एक वर्ष में 11970 कनेक्शन दिए गए हैं। 368 स्वीकृत परियोजनाओं में से 339 पूर्ण की जा चुकी है। 279 ग्राम पंचायत को हस्तांतरित कर ग्राम जल समितियां के माध्यम से संचालित करवाई जा रही है। नल जल योजना से ग्राम आडवाणी सुदूर आदिवासी अंचल के जंबू खदान जैसे सैकड़ो गांव में ग्रामीणों को राहत मिल रही है।

लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण यंत्री आरसी डामोर बताते हैं कि .

धार भोज उत्सव

बसंत पंचमी पर आज से धार में पारम्परिक रूप से आयोजित होने वाला चार दिवसीय भोज महोत्सव मनाया जा रहा है। सुबह 11ः00 से उदाजी राव चौराहा से मां वाग्देवी के तेल चित्र के साथ भोजशाला तक एक शोभा यात्रा भी निकाली जाएगी। भोज महोत्सव को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। अनेक वरिष्ठ अधिकारियों के साथ लगभग 750 पुलिसकर्मी सुरक्षा में तैनात किए गए हैं। सीसीटीवी, ड्रोन कैमरा आदि की मदद से सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया गया है।

बसंत पंचमी

आज भी बसंत पंचमी का पर्व मनाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रदेश में अनेक कार्यक्रम हो रहे हैं। वहीँ कल भी बसंत पंचमी के मौके पर राजधानी भोपाल में कई धार्मिक और शैक्षणिक आयोजन किए गए। गुरुनानक मंडल ने बाजपेयी नगर सेवा बस्ती में 101 कन्याओं को शिक्षण सामग्री और मां सरस्वती का चित्र भेंट किया। गायत्री शक्तिपीठ में भी बसंत पंचमी का उत्सव मनाया गया। केसरिया पताका फहराकर गीत गाए गए। वही ब्रह्माकुमारीज ब्लेसिंग भवन में भी बसंत पंचमी के अवसर पर बीके डॉक्टर रीना दीदी ने बसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डाला।

पुरुष टी-20 क्रिकेट

भारत ने टी-20 क्रिकेट में कल श्रृंखला के पांचवें और अंतिम मैच में इंग्लैंड को 150 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला 4-1 से जीत ली। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में भारत के 248 रनों के लक्ष्य के जवाब में इंग्लैंड की टीम 10 ओवर और तीन गेंद में 97 रन ही बना पाई। इससे पहले भारतीय टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 247 रन बनाए। अभिषेक शर्मा ने 54 गेंदों पर 135 रन बनाकर शानदार प्रदर्शन किया। अभिषेक शर्मा को प्लेयर ऑफ द मैच और वरुण चक्रवर्ती को प्लेयर ऑफ़ द सीरीज़ घोषित किया गया।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- खण्डवा में कल नर्मदा जयंती का पर्व मनाया जायेगा। इस पर्व पर ओंकारेश्वर में नर्मदा स्नान एवं दर्शन हेतु एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना है।
- डिंडोरी में कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने नर्मदा प्रकटोत्सव के आयोजन के सम्बन्ध में की जा रही तैयारियों का जायजा लिया, उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था,पार्किंग व्यवस्था,घाटों पर साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

- कक्षा 11 वी की वार्षिक परीक्षाए आज से एवं कक्षा 9 वी की वार्षिक परीक्षाए 5 फरवरी से प्रारम्भ होगी। आगरमालवा जिले के 63 विद्यालयों के हाईस्कूल में कक्षा 09 वी में 5 हजार 591 एवं कक्षा 11 वी में 2 हजार 482 छात्र परीक्षा में सम्मिलित होगे।
- बैतूल में कल प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत रबी 2024-25 के लिए "मेरी पॉलिसी मेरे हाथ" अभियान प्रारंभ किया गया।
- कटनी में वर्ल्ड वेटलैंड-डे पर एन सी सी के कैडेट और वन विभाग ने सुरखी बांध वेटलैंड पर साफ सफाई की।
- मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय की 'लिखन्दरा प्रदर्शनी दीर्घा' में आज से गोण्ड समुदाय की चित्रकार सुश्री सुशीला श्याम के चित्रों की प्रदर्शनी सह-विक्रय शुरू होगी। चित्र प्रदर्शनी 28 फरवरी तक चलेगी।

-------

————————